रेलवे मंत्री (श्री चं० मु० पुनाचा :) (क) जी हां।

(ख) छ:

(ग) स्थान को ध्यान में रखते हुए केवल 12 छिद्र पर्याप्त समझे गये, जिनमें से 6 विभाग द्वारा बनाये गये क्योंकि ठेकेदार का काम धीमा था।

(घ) विभाग द्वारा बनाये गये छिद्रों पर जो अतिरिक्त खर्च हुआ उसे ठेकेदार से वसूल करने का विचार है।

RELEASE OF INDIAN GOODS AND EQUIPMENTS CAPTURED BY PAKISTAN

1148. SHRI ONKAR LAL BERWA:
SHRI YASHPAL SINGH:
DR. SUSHILA NAYAR:
SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI:
SHRI VALMIKI CHAUDHURY:
SHRI K. LAKKAPPA:
SHRI R. K. SINHA:
SHRI RAGHUVIR SINGH SHASTRI:
SHRI D. N. PATODIA
SHRI OM PRAKASH TYAGI:
SHRI RAM GOPAL SHALWALE:
SHRI Y. A. PRASAD:
SHRI SHIVA CHANDRA JHA:

Will the Minister of COMMERCE be pleased to refer to the replies given to Starred Question Nos. 334 and 335 on the 6th August, 1968 and state the further steps taken by Government to get the goods and other equipments released which were captured by Pakistan during the 1965 conflict?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI MOHD. SHAFI QURESHI): Government of India are making continuous efforts to secure the restitution of the properties, assets etc. seized by the Government of Pakistan. Recently on November 6 a note was sent urging Government of Pakistan to desist from the disposal whether by public auction or otherwise of certain Indian properties seized by them during the 1965 hostilities.

लालगढ़ अस्पताल, बीकानेर

1185. श्री प० ला० बारूपाल : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर रेलवे के बीकानेर डिवीजन के लालगढ़ अस्पताल के निर्माण में प्रथम श्रेणी की ईंटों के स्थान पर दूसरी श्रेणी की ईंटों का तथा सागवान की लकड़ी के स्थान पर घटिया किस्म की लकड़ी का प्रयोग करने सरकार को धोखा देने वाले ठेकेदारों से की गई पूछताछ के परिणामस्वरूप वह राशि उनके बिलों से काटने का कार्य पूरा हो गया है; और

(ख) यदि हां, तो उन ठेकेदारों के बिलों में कितनी राशि काट ली गई और क्या राज्य सरकार ने उन ठेकेदारों को भविष्य में ठेके न देकर उनके नाम काली सूची में रखने के लिये कोई कार्यवाही की है तथा उन ठेकेदारों के नाम क्या हैं?

रेलवे मंत्री (श्री चं० मु० पुनाचा) : (क) यद्यपि ईंटों और लकड़ी के इस्तेमाल में कोई धोखाधड़ी सिद्ध नहीं हुई, फिर भी ठकेदार को दी जाने वाली रकम में से कुछ रकम ही काटी जा चुकी है और कुछ रकम रोक ली गयी है।

(ख) 7,804 रुपये। ठेकेदारों को काली सूची में दर्ज करने के सम्बन्ध में कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। ठेकेदार का नाम मेसर्स युनाइटेड कन्ट्रैक्टर्स है।

रेलवे वर्कशाप (कर्मशाला), बिकानेर

1186. श्री प० ला० बारूपाल : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे वर्कशाप (कर्मशाला) बीकानेर में कितने अस्थायी कर्मचारी हैं तथा वे कितने समय से सेवा में हैं;

(ख) क्या उन कर्मचारियों की आयु को देखते हुए सरकार उन्हें स्थायी घोषित करने के लिए कोई कार्यवाई कर रही है; और